# बगैर मास्क सफाई करने पर कर्मचारियों को फटकारा

संवाद न्यूज एजेंसी

**नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने नालों की सफाई कार्य का किया निरीक्षण**

शाहजहांपुर। नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत बृहस्पतिवार को सभी कंटेनमेंट जोन व सार्वजनिक स्थलों को सैनिटाइज किए जाने का कार्य किया गया।

इसके साथ ही नालों की सफाई भी की गई। नगर आयुक्त ने नालों की सफाई का निरीक्षण भी किया। इस दौरान बिना मास्क लगाए सफाई करने पर कर्मचारियों को फटकारा।

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सफाई जोन तीन के हद्दफ चौकी से लौहारों वाले चौराहा तथा कनौजिया अस्पताल के पास हुंडालखेल में बने नालों की सफाई कार्य का निरीक्षण किया।

हद्दफ चौकी से लौहारों वाले चौराहा तक बने नाले की सफाई रोबोट मशीन एवं कर्मचारियों द्वारा नाले की सफाई की जा रही थी। सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ सफाई कार्य कराया जा रहा था। कोई प्रतिकूल मामला संज्ञान में नहीं आया।

वहीं कनौजिया अस्पताल के पास हुंडालखेल में बने नाले सफाई के दौरान 12 कर्मचारियों द्वारा बरसात के बाद होने वाली सामान्य गंदगी की सफाई की जा रही थी।

कुछ कर्मचारी मास्क नहीं लगाये थे, जिसे देखकर नगर आयुक्त ने फटकार लगाई।

नगर आयुक्त के निर्देश पर लाल इमली चैराहे से ईदगाह रोड पर आंधी व बारिश से गिरे पेड़ को उठवाकर रोड साफ करवाया गया। इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल सिंह मौजूद रहे।